**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली**
**निदेशक कार्यालय**

फा.सं.40-30/2022-स्था.I                                                        दिनांक : 06.05.2024

**कार्यालय ज्ञापन**

**विषय: एम्स कैफेटेरिया में केवल डिजिटल माध्यम से भुगतान स्वीकार करने संबंधी।**

कृपया दिनांक 23.01.2024 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 40-30/2022-स्था.I का संदर्भ लें, जिसके द्वारा यह निर्णय लिया गया था कि एम्स, नई दिल्ली में दिनांक 01 अप्रैल, 2024 से केवल 100% डिजिटल भुगतान ही स्वीकार किया जाएगा।

अधोहस्ताक्षरी ने एम्स कैफेटेरिया का दौरा किया और यह नोट किया कि डिजिटल भुगतान के साथ-साथ नकद भुगतान अभी भी स्वीकार किया जा रहा है। तदनुसार, यह फिर से दोहराया जाता है कि एम्स कैफेटेरिया में स्मार्ट कार्ड, यूपीआई, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड आदि के माध्यम से केवल डिजिटल भुगतान ही स्वीकार किया जाएगा। डिजिटल भुगतान की अबाधित स्वीकृति को सक्षम बनाने के लिए एम्स कैफेटेरिया के सभी काउंटरों पर आवश्यक व्यवस्था जल्द से जल्द की जाए।

**कार्रवाई: अध्यक्ष, कैफेटेरिया प्रबंधन समिति**

**प्रो. एम श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण:** (इसे अपने नियत्रंणाधीन सभी अधिकारियों में परिचालित करने के अनुरोध सहित)

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्र-प्रमुखगण/अध्यक्ष, एनसीआई, झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी-आचार्य, कम्प्यूटर सुविधा
8. उप-सचिव

**(नोटः किसी भी विवाद की स्थिति में इस कार्यालय ज्ञापन का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।)**

**<u>अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली</u>**
**<u>निदेशक कार्यालय</u>**

फा.सं.40-30/2022-स्था.I                                                                 दिनांक: 23.01.2024

**<u>कार्यालय आदेश</u>**

**विषय: एम्स, नई दिल्ली में 100% डिजिटल भुगतान प्रणाली अपनाने संबंधी।**

दिनांक 17 नवम्बर 2022 के कार्यालय ज्ञापन संख्या 40-30/2022-स्थापना-I के संदर्भ में, अधोहस्ताक्षरी ने परामर्श दिया था कि भारतीय स्टेट बैंक के सहयोग से रोगियों एवं उनके परिचरों के लिए 'एम्स स्मार्ट कार्ड' सुविधा को दिनांक 01 अप्रैल 2023 से आरंभ किया जाएगा। यह एम्स, नई दिल्ली में उपयोगकर्ता शुल्क के किसी भी प्रकार के भुगतान को पूरी तरह से डिजिटल भुगतान प्रणाली में बदलने तथा रोगी सुविधा में सुधार करने के लिए किया गया था जिससे कि उन्हें विभिन्न जांचों तथा प्रक्रियाओं के भुगतान के लिए एवं कैफेटेरिया आदि में स्नैक्स/भोजन प्राप्त करने के लिए कतारों में खड़ा न होना पड़े।

हाल ही के समाचार रिपोर्ट में यह तथ्य उद्‌घाटित हुआ है कि इसी प्रकार के एक अन्य संस्थान में, एक आउटसोर्स सेवा प्रदाता ने रोगियों के फाइनल डिस्चार्ज बिलों के साथ हेर-फेर किया था तथा उनसे अधिक शुल्क ले लिया था जिससे रोगियों को वित्तीय नुकसान के साथ-साथ मानसिक उत्पीड़न भी हुआ था। यह एम्स, नई दिल्ली में 100% एकीकृत डिजिटल भुगतान प्रणालियों में परिवर्तन के महत्व पर प्रकाश डालता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि किसी भी रोगी को लूटा न जा सके तथा संस्थान के लेखों की आरंभ से अंत तक लेखा-परीक्षा की जानी होती है।

तदनुसार, यह परामर्श दिया जाता है कि एम्स स्मार्ट कार्ड, जिसे कुछ क्षेत्रों में प्रायोगिक तौर पर शुरू किया गया है, को दिनांक 31 मार्च, 2024 तक सभी प्रकार के भुगतान के लिए एम्स, नई दिल्ली में चालू किया जाए। तत्पश्चात ओपीडी, अस्पताल और केंद्रों में कई स्थानों पर क्रियान्वित किए जाने वाले 'एम्स स्मार्ट कार्ड' टॉप-अप काउंटरों के अलावा किसी भी काउंटर पर कोई नगद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा तथा यह सुविधा 24x7 आधार पर संचालित होगी। यूपीआई, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड इत्यादि के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक भुगतान के अलावा 'एम्स स्मार्ट कार्ड' ही सभी जांचों एवं प्रक्रियाओं के लिए भुगतान का एकमात्र माध्यम होगा। सभी भुगतान रोगी के स्थान के निकटतम स्थापित भुगतान केंद्र पर स्वीकार किए जाएंगे तथा रोगियों या उनके परिचरों को किसी भी प्रकार के भुगतान के लिए केंद्रीय पंजीकरण काउंटरों पर जाने के लिए नहीं कहा जाएगा।

**कार्रवाई - वरिष्ठ वित्त सलाहकार, चिकित्सा अधीक्षक (अस्प.)**

**प्रो. एम. श्रीनिवास**
निदेशक

**वितरण** (इस अनुरोध के साथ कि इसे अपने अधीनस्थ सभी अधिकारीगण को भी परिचालित करें)

1. संकायाध्यक्षगण (शैक्षिक, अनुसंधान, परीक्षा)
2. अपर निदेशक (प्रशासन)
3. चिकित्सा अधीक्षक (एम्स)
4. सभी केंद्रो के प्रमुखगण/अध्यक्ष, एन.सी.आई., झज्जर
5. सभी विभागाध्यक्षगण
6. वरिष्ठ वित्त सलाहकार
7. प्रभारी-आचार्य, कंप्यूटर सुविधा

**<u>नोट:</u> किसी भी तरह के विवाद की स्थिति में इस कार्यालय आदेश का अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।**

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F. No. 40-30/2022-Estt.I 06.05.2024

**OFFICE MEMORANDUM**

**Sub: Acceptance of payment by only digital means in AIIMS Cafeteria reg.**

Ref. OM. No. 40-30/2022-Estt.I dt. 23.01.2024, vide which it had been decided that AIIMS New Delhi shall only accept 100% digital payments w.e.f. 1st April 2024.

The undersigned has visited the AIIMS Cafeteria and has noted that cash is still being accepted therein alongwith digital payments. Accordingly, it is again reiterated that only digital payments via smart card, UPI, credit card, debit card, etc. shall only be accepted in the AIIMS Cafeteria. Necessary end points to enable seamless acceptance of digital payments should be made available at all counters of AIIMS Cafeteria at the earliest.

**Action: Chairman, Cafeteria Management Committee**

6/5/2024

**Prof. M Srinivas**
Director

**Distribution** (with a request to also circulate it to all officials under their control)

1. Dean/s (Academic, Research, Examination)
2. Addl. Director (Admin)
3. Medical Superintendent (AIIMS)
4. Chiefs' of all Centres / Head, NCI Jhajjar
5. Heads' of all Departments
6. Sr. Financial Advisor
7. Prof. I/c Computer Facility
8. Deputy Secretary

**ALL INDIA INSTITUTE OF MEDICAL SCIENCES, NEW DELHI**
**OFFICE OF DIRECTOR**

F.No. 40-30/2022-Estt.I 23.01.2024

**OFFICE ORDER**

**Sub: Adoption of 100% digital payment systems at AIIMS New Delhi reg.**

Ref. OM No. 40-30/2022-Estt.I dt. 17th November 2022, the undersigned had advised that 'AIIMS Smart Card' facility for patients & their attendants shall be started w.e.f. 1st April 2023 in collaboration with SBI Bank. This was done to transition the payment of any form of user charges at AIIMS New Delhi to totally digital payment mode and to improve patient convenience so that they don't have to stand in queues for making payments for various investigations & procedures or for getting snacks / food in cafeteria etc.

A recent news report has highlighted that at another similar institution, an outsourced service provider had tampered with the final discharge bills of patients and charged them more thereby causing them financial loss and mental agony. This further highlights the importance of transitioning to 100% integrated digital payment systems at AIIMS New Delhi so as to ensure that no patient is fleeced and the Institute accounting is also auditable on end to end basis.

Accordingly, it is advised that the AIIMS Smart Card which has been started on pilot basis in few areas should be operationalized pan AIIMS New Delhi for all sorts of payments by 31st March 2024. Subsequently, no cash payment shall be accepted at any counters other than at the 'AIIMS Smart Card' top up counters which shall be operationalized in multiple locations within the OPDs, Hospital & Centres and shall operate on 24x7 basis. Other than electronic payments via UPI, Debit Cards, Credit Cards, etc., 'AIIMS Smart Card' be the only way to payments for all investigations & procedures. All payments shall be accepted at the payment end points installed nearest to the patient location and patients or their attendants shall not be asked to visit the central registration counters to make any payments.

**Action: Sr. Financial Advisor; Medical Superintendent (H)**

23|1|2024

**Prof. M Srinivas**
Director